केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्र

आपका जन्म 25 सितंबर, 1960 को श्री अम्बिका प्रसाद मिश्र (पिता) तथा श्रीमती प्रेमदुलारी मिश्र (माता) के यहां गांव बनवीर पुर, जिला- लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश में हुआ था। इनका विवाह 11 जून, 1978 को श्रीमती पुष्पा मिश्र के साथ हुआ। आप एक कृषि विज्ञानी तथा उद्योगपति हैं। इन्होंने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा विज्ञान स्नातक और तथा विधि स्नातक की डिग्री क्रमश: क्राइस्ट चर्च कॉलेज तथा डीएवी कॉलेज कानपुर, (कानपुर विश्वविद्यालय) से प्राप्त की।

अजय कुमार मिश्र भारतीय राजनीतिज्ञ तथा 17वीं लोक सभा में संसद सदस्य हैं। ये गृह मंत्रालय, भारत सरकार में राज्यमंत्री हैं। आप उत्तंर प्रदेश में खीरी चुनाव क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

धारित पदों का विवरण

श्री मिश्र 16वीं विधान सभा में निघासन विधान सभा क्षेत्र से विधायक (एमएलए) के रूप में चुने गए।

ये मई 2014 में संसद सदस्य (16वीं लोक सभा) के रूप में चुने गए।

सितंबर, 2014 में आप ग्रामीण विकास विभाग स्थायी समिति में सदस्य तथा कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्य नियुक्त किए गए।

ये वर्ष 2014 से 2018 तक संसदीय राजभाषा समिति के सदस्य रहे।

वर्ष 2018 से 2019 तक आप संसदीय राजभाषा समिति की पहली उप समिति के संयोजक रहे।

मई, 2019 में, आपको 17वीं लोक सभा (दूसरी बार) के लिए दोबारा चुना गया तथा 24 जुलाई, 2019 को आप लोक लेखा समिति के सदस्य बने।

13 सितंबर, 2019 को आप खाद्य, उपभोक्ता मामले तथा सार्वजनिक वितरण विभाग की स्थायी समिति के सदस्य बने।

आप 09 अक्तूबर, 2019 को सदन की बैठकों से सदस्यों की अनुपस्थिति संबंधी समिति के सदस्य तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के सदस्यर बने।

आप 07 जुलाई, 2021 को गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री बने।

साहित्यिक, कलात्मक और वैज्ञानिक उपलब्धियां

कविता तथा आलेख (निबंध) लिखना तथा संगोष्ठी और काव्य पाठ आदि जैसे साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन करना।

विशेष अभिरुचि

ग्रामीण युवाओं में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता पैदा करना तथा क्रिकेट, पावर लिफ्टिंग तथा कुश्ती में विशेष रुचि लेना। विश्वविद्यालय तथा जिला स्तर पर उपरोक्त खेल गतिविधियों की अनेक प्रतियोगिताओं में विजेता रहे। आप कुश्ती, क्रिकेट और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करते रहे हैं।

पसंदीदा रुचि और मनोरंजन

यात्रा करना, विभिन्न संस्कृतियों का अध्ययन, नाटकों का मंचन तथा शास्त्रीय संगीत, साहित्यिक कहानियों तथा लेखों को पढ़ना।

खेल तथा क्लहब

लखीमपुर खीरी में जिला स्तर पर पावर लिफ्टिंग एवं वालीबाल में तथा विश्वविद्यालय स्तर पर क्रिकेट में प्रतिभागिता की। ऐसी अनेकों खेल गतिविधियों का नियमित रूप से आयोजन करते रहते हैं।

देशों का भ्रमण

बेल्जियम, जर्मनी, मॉरीशस, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, यूएई।

अन्य सूचनाएं

बचपन से ही अंतर्मुखी तथा एक सामान्य विद्यार्थी के रूप में अध्ययन में अभिरुचि रही तथा खेलों में भी बहुत रुचि दिखाई। शिक्षा, खेल तथा अन्य पाठयेत्तर गतिविधियों में अनुकरणीय भूमिका निभाई। बाद में, अपने पेशेवर जीवन के दौरान, सामाजिक असमानता तथा मानव अधिकारों से लोगों के वंचित रहने की स्थितियों को देखकर आपने राजनीति में प्रवेश किया तथा बीजेपी जिला महासचिव के रूप में अपना राजनीतिक कैरियर प्रारंभ किया और बहुत ही कम समय में आप संसद सदस्य बन गए। आप डीसी बैंक खीरी के उपाध्यक्ष तथा जिला परिषद खीरी के सदस्य भी रहे हैं।